हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 7 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

12 विधायक निर्मल सिंह ने रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं



12 डिप्टी डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं



## खबर संक्षेप

### तीन साल के बच्चे को सांप ने काटा, मौत

**कुरुक्षेत्र।** गांव उदासीन स्टड फार्म मांडी बचकी में पिता-पुत्र को सांप ने काट लिया जिससे तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। पिता कुरुक्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचारधीन है। गांव उदासीन स्टड फार्म मांडी बचकी में राजेश कुमार घर पर अपने तीन साल के बेटे कबीर के साथ रात को सो रहा था। इस दौरान देर रात उनको घर में घुसे करीब 4 फुट लंबे सांप ने डस लिया। सुबह दोनों नहीं उठे तो परिजनों ने उनको उठाने की कोशिश की, मगर दोनों बेसुध पड़े थे। दोनों को तुरंत अस्पताल में पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने कबीर को मृत घोषित कर दिया। राजेश का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने कमरे में सांप को तलाश किया। ग्रामीणों ने सांप को मार दिया।

### होमगार्ड का खून से लथपथ शव बरामद

**समालखा।** वार्ड 17 के अंतर्गत नारायणा फाटक के नजदीक एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना राहगिरो नें पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक को लेकर जानकारी जुटाई। मृतक की पहचान जितेंद्र उम्र करीब 54 वर्ष के तौर पर हुई। मृतक अविवाहित था और गुड़गांव पुलिस लाइन पमें होमगार्ड तैनात था। मृतक के भतीजे अमित ने बताया कि देर रात मेरे चाचा घर से खाना खा कर घूमने के लिए गए थे। जहां मनाना फाटक के पास ठोकर लगने से निचे गिर गए। सुबह होने पर पुलिस द्वारा शव पड़े होने की सूचना मिली। ठोकर लगने से हुए हादसे के कारण उनकी जान गई।

### प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम दिखे एक्शन मोड में

## मंत्री ने पानीपत के स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

- खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मिशन ओलंपिक 2036 में हरियाणा से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हों और प्रदेश के सभी स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं की कमी ना हो, इसी को लेकर मंत्री गौरव गौतम लगातार स्टेडियम का निरीक्षण कर रहे हैं और खेल अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दे रहे हैं।

इसी के दृष्टिगत खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज पानीपत के शिवाजी स्टेडियम का निरीक्षण किया और विभिन्न अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खिलाडिय़ों को मूलभूत सुविधाओं से किसी भी तरह से वंचित न रखा जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की साफ मंशा है कि हरियाणा की मेडल लाने में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम ने स्टेडियम में आने वाले खिलाडिय़ों से भी कोचिंग में सुविधाओं को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ी बच्चों से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें 2036 ओलंपिक में हरियाणा के लिए 36 मेडल लाने के संकल्प के लिए प्रेरित किया। उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहयोग मिलेगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नायब सैनी के नेतृत्व में आज देश और प्रदेश में खेलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हरियाणा के होनहार खिलाडिय़ों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। उन्होंने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



पानीपत। शिवाजी स्टेडियम का निरीक्षण करते खेल मंत्री गौरव गौतम ।

**अल्टीमेटम दिया**

मंत्री गौरव गौतम ने कमियों को देख, खेल अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया किसी भी सूरत में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम में कुछ छोटी-मोटी कमियाँ पाई गई। जिनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी खेल सुविधाएँ समयबद्ध तरीके से दुरुस्त की जाएँ और खिलाडियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## नप की छत का प्लास्टर अचानक उखड़कर गिरा, बाल-बाल बचे लोग

- अध्यक्ष स्वर्ण कौर बोली, जल्द रिपेयर करवाया जाएगा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद कार्यालय की छत से प्लास्टर अचानक उखड़ कर जमीन पर गिर गया। इसकी वजह से कई लोग जख्मी होने से बच गए। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर में अचानक छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया।

यहां मौजूद लोग घबरा गए और बचने के लिए तुरंत बाहर की तरफ भागे। जिस जगह छत का प्लास्टर गिरा वहां पास में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के साथ अध्यक्ष का भी कार्यालय है। प्लास्टर गिरते ही आसपास लोग एकत्रित हो गए। साथ में सचिव और ईओ भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद मलबे को वहां से हटा दिया गया। लोगों के अनुसार ये प्लास्टर अचानक झड़ गया। नगर परिषद का दफ्तर काफी समय से जर्जर हालत में है। लोगों का कहना है कि और भी कई जगह ऐसा हादसा होने की आशंका है। नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर का कमरा भी इसी जर्जर बिल्डिंग में है। उनके कमरे की दीवारों और छत तक भी सीलन है।

इस मामले को लेकर अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि जिस वक्त ये घटना हुई, उस वक्त कोई भी उस स्थान पर मौजूद नहीं था। इसको लेकर कार्यालय में रेनोवेशन का काम भी प्रस्तावित है। जिसको जल्द ही कराया जाएगा।



अंबाला। नीचे टूटकर गिरोह प्लास्टर का दृश्य।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

**करनाल।** नाबालिग किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के दोषी को फास्ट ट्रैक स्पेशल पाक्सो कोर्ट अतिरिक्त सेशन जज गुनीत अरोड़ा ने तीन साल की सजा सुनाई है। दोषी राजपाल उर्फ छोटू ने अपने गांव की किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी। जिला न्यायवादी डॉ. पंकज सैनी ने बताया कि इस मामले की पैरवी स्पेशल उप जिला न्यायवादी अमन कौशिक ने की है। उप जिला न्यायवादी अमन कौशिक ने बताया कि 15 मार्च 2021 में पीड़िता की शिकायत पर घरौंडा थाना पुलिस ने दोषी राजपाल उर्फ छोटू के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पीड़िता ने बताया था कि वह 15 मार्च 2021 को घर पर शाम के समय अकेली थी। वह बर्तन साफ कर रही थी। उसके माता पिता काम पर गए हुए थे। दोषी राजपाल उर्फ छोटू उसके घर में घुस गया और उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब वह चिल्लाने लगी तो उसके मुंह पर हाथ रखकर दबा दिया। इस दौरान उसके चाचा की लड़की मौके पर आ गई तो उसने दोषी से उसे बचाया। दोषी उसे धमकी भी दे रहा है। जिससे वह परेशान हो चुकी है। पुलिस ने मामले की जांच कर 6 मई 2021 को दोषी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया और वहां से जेल भेज दिया था।

### दो नशा तस्कर काबू, एक रिमांड पर, दूसरे को जेल

**पानीपत।** थाना इसराना अंतर्गत दो नशा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चूरा पोस्त और गांजा बरामद हुआ है।

आरोपियों में से एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि दूसरे आरोपी को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी। गांव बलाना से एक युवक प्लास्टिक के कट्टे में नशीला पदार्थ लेकर निकलने वाला था। पुलिस ने बलाना.नौल्था रोड पर नाका लगाया। एक युवक मोटरसाइकिल पर हैंडल के पास प्लास्टिक का कट्टा रखे हुए आया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अंकित पुत्र किशोरी लाल बताया। वह मूलरूप से कैथल के सिवान गेट पठानिया मोहल्ला का रहने वाला है।

## खेत से मिट्‌टी उठाने के नाम पर 22 लाख ठगे

- जमीन मालिक ने किसी और भूमि से मिट्टी उठाने को कहा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रिंग रोड निर्माण के लिए खेतों से मिट्टी उठाने के नाम पर 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरकेसीपीएल कंपनी के प्रतिनिधि गौरव सैनी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

गौरव सैनी ने बताया कि उन्होंने तीन जून 2024 को फतेहगढ़ गांव के प्रेमचंद को उसकी जमीन में से मिट्टी उठाने के लिए 22 लाख रुपये दिए थे। इसमें 20 लाख उनके खाते में डाले और दो लाख नकद दिए लेकिन उन्होंने अपनी जमीन कहीं और दिखाई और मिट्टी किसी और जमीन से उठाने के लिए बोला। मिट्‌टी उठाने के लिए जो जमीन उन्हें दिखाई गई वह टांगरी नदी में थी। यहां से बिना अनुमति मिट्टी नहीं उठा सकते थे। इसके बाद प्रेमचंद ने फोन उठाना बंद कर दिया। इस संबंध में उन्होंने 31 दिसंबर 2024 को थाना पड़ाव में भी शिकायत दर्ज करवाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत के आधार पर थाना पंजोखरा में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## नाबालिग को अगवा करने के आरोप में पांच नामजद

- दो अन्य स्थानों से भी युवती व एक नाबालिग लड़की लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर अगवा करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक, उसके माता पिता और तीन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक व लड़की की तलाश शुरू कर दी। वहीं दो अन्य स्थानों से भी एक नाबालिग लड़की और एक युवती को भी युवकों ने अगवा कर लिया।

व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी गत तीन अगस्त को घर से अचानक लापता हो गई। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि गांव दड़वा माजरी निवासी चाहित नामक युवक उससे बातचीत करता था। आरोपित उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। इसमें चाहित की मां, पिता व अन्य तीन साथियों ने मदद की है। आरोपितों ने उनकी बेटी को बंधक बनाकर रखा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं, शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की कालोनी से 17 वर्षीय किशोरी को आदिल नाम का युवक बहला फुसलाकर कहीं अगवा करके ले गया। परिवार के लोगों ने उनकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं लगा। शहर यमुनानगर थाना क्षेत्र की कालोनी से 19 वर्षीय युवती को सौरव नाम का युवक बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## रोमानिया भेजने के नाम पर 2.70 लाख रुपये ठगे

- दो लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रोमानिया में अच्छा रोजगार दिलाने के नाम पर दो लोगों ने एक युवक से दो लाख 70 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी दोनों लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

जानकारी के मुताबिक गांव दसौरा निवासी जोनी कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। वर्ष 2023 में इस संबंध में गोपाल व तिलकराज से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह युवकों को विदेश भेजने का कार्य करते हैं और उसे भी विदेश में भेज देंगे। इस दौरान आरोपियों ने उसे रोमानिया में वर्क परमिट पर भिजवाने का झांसा दिया। उनकी बातों में आकर वह तैयार हो गया। इसके बाद आरोपियों ने अलग अलग करके उससे दो लाख 70 हजार रुपये ले लिए और उसे कुछ दिन बाद विदेश भेजने का वादा कर लिया। आरोप है कि वादे के मुताबिक आरोपियों ने उसे ना तो रोमानिया भेजा और ना ही उसके पैसे वापस लौटाए। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने जोनी कुमार की शिकायत पर आरोपी गोपाल व तिलकराज के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत

**यमुनानगर।** जिले के गांव इशोपुर स्थित प्लाइवुड फैक्टरी के पास ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

गांव मघरपुरा निवासी विजय पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई रमनदीप (30) कार में सवार होकर यमुनानगर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह गांव इशोपुर स्थित पाइप प्लाइवुड के पास पहुंचा तो वहां से तेजगति से गुजर रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगने से रमनदीप गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपित चालक फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल रमनदीप को अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### 48 बोतल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर की शिवपुरी कॉलोनी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को 10 बोतल देसी व 38 बोतल अंग्रेजी (कुल 48 बोतल) अवैध शराब सहित काबू किया है। अब आरोपी को जेल में भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी विजय कुमार शराब बेचने का कार्य करता है। उसके घर पर भारी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है। पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को 48 बोतल शराब सहित काबू किया।

### इंजीनियरिंग के लिए ऑनलाइन करना होगा आवेदन

## आईटीआई में दाखिले के लिए बढ़ाई तिथि

- संस्थानवार उपलब्ध सीटों के बारे में सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त तक बढ़ा दी गई है।

मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य यशपाल ढांडा ने बताया है कि आईटीआई में चलाए जा रहे इंजीनियरिंग एवं गैर, इंजीनियरिंग ट्रेडों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देशों के बारे में विवरण पत्रिका, जिलेवार सस्थानों की सूची, व्यवसायवार तथा संस्थानवार उपलब्ध सीटों बारे सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने हेतु आईटीआई में निशुल्क भरे जा रहे हैं।

संस्थान में 26 जून 2025 से चल रहे व्यवसाय उपकरण मैकेनिक में 31, टर्नर में 42, वेल्डर में 68, वेल्डर डीएसटी में 15, मशीनिष्ट में 38, फिटर में 108, स्टेनो हिन्दी में 118, वायरमैन में 141, विद्युतकार एनसीवीटी में 166, विद्युतकार एनसीवीटी में 183, कोपा में 267, डीएमसी में 67, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में 94 के कुल 1338 प्रार्थियों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करवाया गया है। मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक व्यवसाय यूनिट में 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति तथा 25 प्रतिशत सीटें अन्य वर्ग के प्रार्थियों से भरी जाएंगी।

**आईटीआई एप डाउनलोड कर सकते हैं प्राथी**

ट्रेडो एवं संस्थानों की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रार्थी विभाग की आईटीआई एप भी डाउनलोड कर सकते है। दाखिले हेतु प्रार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन सेवा मोबाइल नंबरों 0171-2643876, 9416513044 पर सुबह 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। दाखिला फार्म भरने के इच्छुक प्राथियों के पास अपनी निजी ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।



# नकली खाद और दवाइयों को जबरन टैग लगाकर बेचा जा रहा

■ धान की फसल पर फिजी वायरस नामक बीमारी से भारी नुकसान, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इंद्रजीत सिंह गोराया ने कहा है कि इस बार धान की फसल पर फिजी वायरस नामक बीमारी का भारी प्रकोप देखने को मिला है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर प्रति एकड़ कम से कम 50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए। स्थानीय पी.डब्लयू.डी रेस्ट हाउस करनाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में गोराया ने सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यूरिया खाद की भारी कमी और उसकी कालाबाजारी के चलते किसान परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और तंत्र की मिलीभगत से खाद की कृत्रिम किल्लत पैदा की गई, नकली खाद और दवाइयों को जबरन टैग करके बेचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजस्थान में नकली खाद बनाने वाली फैक्ट्रियां पकड़ी गईं, जिन्होंने यह स्वीकार किया कि हरियाणा में भी उनकी सप्लाई होती थी, लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। इससे यह प्रतीत होता है कि सरकार इस पूरे गिरोह को संरक्षण दे रही है। गोराया ने मांग करते हुए कहा कि नकली खाद और दवाइयों की सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उ इस अवसर पर किसान कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओमप्रकाश सलूजा, गुरविन्द्र कौर, पराग गाबा, अरूण पंजाबी, यूथ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रजत लाठर, अशोक दाबड़ा, शारदा सिंधू, जीत राम कश्यप सहित तमाम कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



**करनाल।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इंद्रजीत सिंह गोराया। *फोटो : हरिभूमि*

### सरकार को बताया उद्योग पतियों की हितैषी

*उन्होंने किसानों की कर्ज माफी पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने उद्योगपतियों का 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों के लिए कोई राहत नहीं दी। उन्होंने बताया कि 2008 में कांग्रेस सरकार ने 68 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया था और हरियाणा सरकार ने 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ कर किसानों को राहत दी थी। डीजल वाहनों पर 10 साल बाद बैन और 15 साल तक टैक्स वसूली आम आदमी की कमर तोड़ रही है।*

## खबर संक्षेप

### रविंद्र सब यूनिट पिपली के सातवीं बार बने प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** रविंद्र सैनी एचएसईबी वर्कर यूनियन सब यूनिट पिपली के सातवीं बार प्रधान चुने गए। बुधवार को सेक्टर 8 बिजली निगम के कार्यालय में यूनिट का चुनाव चुनाव अधिकारी कृष्ण चौहान व दिनेश कौशिक की देखरेख में संपन्न हुआ। बैठक में यूनिट की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। रविंद्र सैनी सातवीं बार सब यूनिट पिपली के प्रधान चुने गए, जबकि अमन कुमार उप प्रधान, नरेश कुमार सचिव, मोबिन खान सह सचिव, संजय कुमार कोषाध्यक्ष, बलविंद्र सिंह को संगठनकर्ता की जिम्मेवारी सौंपी गई।

### ब्लाक स्तरीय सम्मेलन की बनाई रूपरेखा

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कार्यकारिणी की मीटिंग स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनियन दफ्तर में प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तथा संचालन सचिव संदीप नरवाल द्वारा किया गया। मीटिंग में सांगठनिक व आगामी आंदोलन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी ब्लाकों का आय व्यय का आडिट भी किया गया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि 12 अगस्त तक सभी ब्लाक स्तरीय सम्मेलन किए जाएंगे।

### ओपी जिंदल की जयंती पर आज होगा हवन यज्ञ

**कुरुक्षेत्र।** स्वर्गीय ओपी जिन्दल की 95वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने हेतु जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में आज वीरवार सुबह 9:30 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि स्व. ओ.पी. जिन्दल न केवल उद्योग जगत में एक प्रतिष्ठित नाम थे, बल्कि कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और लोकहित के कार्यों में भी उनका अभूतपूर्व योगदान रहा। उन्होंने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अनेक संस्थाओं द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### डीएसबी स्कूल के पदक विजेता बच्चों का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ सर्वांगीण विकास भी किया जा रहा है। स्कूल के बच्चे खेलों में भी सराहनीय प्रतिभा दिखा रहे हैं। श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि द कोणार्क एकेडमी लाडवा में आयोजित ऑल लाडवा स्कूल्स प्रतियोगिता में भाग लिया।

## अवैध निर्माण पर जिला योजनाकार विभाग की टीम की सख्ती से मचा हड़कंप

# जिला योजनाकार विभाग की टीम ने 3 अवैध कॉलोनियों पर की बड़ी कार्रवाई

करनाल रोड स्थित दीवान कॉलोनी में दो जेसीबी पहुंची और कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

बुधवार को जिला योजनाकार विभाग की टीम इंद्री पहुंची और इंद्री में अवैध रूप से पनप रही तीन कॉलोनियों में पीला पंजा चला कर कार्यवाही की । जिला योजनाकार विभाग की इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया । इस दौरान जिला योजनाकार विभाग की टीम सबसे पहले इंद्री-करनाल रोड स्थित दीवान कॉलोनी में पहुंची और वहां पर दो जेसीबी मशीनों की सहायता से डीपीसी व कच्ची सडकों को ध्वस्त किया । इसके बाद जिला योजनाकार विभाग की टीम मटक माजरी से मुरादगढ़ रोड पर पहुंची और वहां पर अवैध कॉलोनी मे बने दो शोरूमों के शटरों को तोड़ दिया और कच्ची सड़क उखाड़ दी । उसके बाद जिला योजनाकार विभाग की टीम इंदरगढ़ रोड पर पनप रही अवैध कॉलोनी में पहुंची और जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध कालोनी मे बन रही कच्ची सडको को ध्वस्त कर दिया ।

गौरतलब है कि इंद्री के पास कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से दुकाने व इंद्री मे कई जगहों पर अवैध कॉलोनियां धड़ल्ले से काटी जा रही है जिसके चलते विभाग ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया । इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर बिजली विभाग के एसडीओ युवराज सिंह, जिला योजनाकार विभाग के जेई रोहित, लेखाकार संजय सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा । जिला योजनाकार अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट या दुकान नहीं खरीदें ।



इंद्री के पास मटक माजरी से मुरादगढ़ रोड पर अवैध कॉलोनी मे बने शोरूम का शटर तोड़ती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*



इंद्री–करनाल रोड स्थित दीवान कॉलोनी में डीपीसी व कच्ची सड़कों को ध्वस्त करती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*



**तरावड़ी।** एस एम एस पब्लिक स्कूल के बच्चें कार्यक्रम मे भाग लेते हुए।

## एसएमएस स्कूल के छात्रों ने की बरिश में मौज-मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस पब्लिक स्कूल तरावडी में बाल सभा में रेनी डे मनाया। इस दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी छतरियों के साथ वर्षा ऋतु से संबंधित एक्टिविटी की। नृत्य गायन, कला ,डांस गतिविधियों में भाग लेने के साथ-साथ बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियो के माध्यम से वर्षा से जुड़ी बादल,जल की बूंदे और कागज की नाव जैसी कलाकृतियां भी बनाई । इस अवसर पर नन्हें-मुन्हें बच्चों को वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए और प्रकृति के बारे में समझाया। छात्रों ने उल्लास के साथ एकत्र होकर रंग-बिरंगी छतरियों के साथ इंद्रधनुष बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किश्तियां बनाकर पानी में बहाने तथा छतरियों से बनाए गए इंद्रधनुष का आकर्षण देखते ही बन रहा था। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने छात्र-छात्राओं की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान भारतीय संस्कृति में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बारिश की बूंदों की आवाज़, ठंडी हवा और गीली मिट्टी की सुहानी खुशबू सभी को खुश कर देती है। स्वच्छता का वातावरण पैदा करने के लिए छात्रों को प्रेरित करते हुए यह बताया कि वर्षा ऋतु को तभी आनंदमय बनाया जा सकता है। यदि चारों तरफ का वातावरण पूरी तरह से गंदगी से मुक्त बना रहे। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़े रखने में सहायता मिलती है,और उसमें छिपी प्रतिभा को भी उजागर किया जा सके।

## जीवन में रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही है, मरणोपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं। इस कड़ी में श्रीमती नर्मदा कुमारी के मरणोपरांत उनके पुत्र अनुज गर्ग ने अपनी माता जी के नेत्रों का दान करवाया। आज उन दो नेत्रों से दो अंधे देख रहे हैं। आज रस्म पगड़ी के कार्यक्रम के अवसर पर शिव शक्ति सत्संग भवन में माधव नेत्र बैंक करनाल एवं शिव शक्ति संकीर्तन मंडल तरावड़ी की ओर से परिवार को नेत्रदान करने पर एक स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। परिवार का शिव शक्ति संकीर्तन मंडल के संरक्षक हंसराज पाहुजा ने आंखें दान करने पर धन्यवाद किया और लोगों को आंखें दान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के अलावा विजय कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, नगरपालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल, बलदेव गिरधर मौजूद थे।



**तरावड़ी।** परिवार के सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए शिविर के आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## सावन महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सावन के पवित्र माह में रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित ॐ नमः शिवाय जाप एवं सावन महोत्सव में शिव भक्ति की दिव्य धारा प्रवाहित हुई। मंदिर प्रांगण 'हर-हर महादेव' के जयघोषों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे भाव से शिव आराधना कर वातावरण को शिवमय बना दिया। इस भव्य आयोजन में कामरा परिवार, पुरी परिवार व रहेजा परिवार ने यजमान के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि राम कृष्ण सचदेवा ने सपरिवार भगवान शिव की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी कृष्णाचार्य द्विवेदी द्वारा विधिवत रूप से रुद्राभिषेक, शिव स्तुति और विशेष पूजन कराया गया। वहीं भजन गायक केवल कृष्ण ने जब मंच संभाला, तो पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस में डूब गया। उन्होंने भोले बाबा पार करेगें, डूबते का बेड़ा कनक के कंगन शिव जी को भाए, बम बम बोले हरसाए/" भजन प्रस्तुत किए तो इन भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने तालियाँ बजाकर और भावविभोर होकर नृत्य कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम की सफलता में संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, शांति सचदेवा, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, अमन कुमार, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, नीलम गुगलानी, रोज़ी टिक्का, तमन्ना मुंजाल व सुमन दुआ सहित दर्जनों सेवादारों ने तन-मन से सेवा की।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से /"ॐ नमः शिवाय/" का उच्चारण करते हुए शिव आरती की और महाप्रसाद ग्रहण किया।



## रक्षित मंढ़ान बने आईएसओ के जिला प्रधान, किया सम्मानित

■ पूरे हरियाणा प्रदेश में इनेलो पार्टी की छात्र विंग की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की : सुरजीत संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने पूरे हरियाणा प्रदेश में इनेलो पार्टी की छात्र विंग की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें करनाल जिला के छात्र विंग जिला प्रधान रक्षित मंढ़ान को जिम्मेदारी दी। जोकि मूल रूप से हल्का इंद्री के गांव डबकोली के रहने वाले हैं एक साधारण परिवार से तालुक रखते हैं। पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत संधू ने कहा कि हमेशा ही इनेलो पार्टी के नेताओं ने प्रमुखता के साथ छात्र हितों की लड़ाई लड़ी हैं। रक्षित मंढ़ान जिम्मेवारी मिलने पर अपने साथियों के साथ पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत संधू के निवास पर पहुंचे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा, विधायक आदित्य देवीलाल, आईएसओ के राष्ट्रीय प्रभारी और विधायक अर्जुन चौटाला, सुरजीत संधू आदि समेत काफी संख्या में मौजूद रहे।



करनाल। जानकारी देते हुए पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत संधू।

### सतलुज स्कूल में किया पौधरोपण

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सतलुज इको क्लब के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम - 2.0 अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूल के लगभग 150 बच्चों को विभिन्न प्रकार के पौधे बांटे गए और 20 पौधों का स्कूल में रोपण किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने अपने सम्बोधन में सभी विद्यार्थियों को वृक्षों की महत्त्वता के बारे में बताया कि जिस प्रकार हम अपनी माँ का सम्मान करते है उसी प्रकार हमे अपनी धरती माता का सम्मान करना चाहिए। इसलिए धरती माता की देख- रेख करनी चाहिए।

## लोक अदालत में 12 मुकदमों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने जेल लोक अदालत में रखे गए 14 में से 12 मुकदमों का निपटारा किया जिसमें 10 बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि जिला कारागार में हर माह के पहले व तीसरे बुधवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।



करनाल। न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार।

# लाडो लक्ष्मी योजना से सीएम ने दिखाई महिला कल्याण के प्रति प्रतिबद्धताः शर्मा

■ योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रति माह 2,100 की सीधी वित्तीय सहायता दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर प्रदेश भर में सराहना हो रही है। इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रति माह 2,100 की सीधी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें हरियाणा कि महिलाओं को एक मजबूत सहारा मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा एवं हरियाणा सरकार की जिला कष्ट निवारण समिति की सदस्य गीता शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का इस ऐतिहासिक योजना के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के मान-सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह कदम सराहनीय है। इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि समाज में उनकी भूमिका और अधिक सशक्त होगी। गीता शर्मा ने यह भी कहा कि यह योजना नारी गरिमा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। भाजपा सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि समाज के विकास में भागीदार मानती है और लाड़ो लक्ष्मी योजना इसका जीवंत प्रमाण है। लाड़ो लक्ष्मी योजना हरियाणा की बेटियों और महिलाओं के जीवन में एक नई आशा की किरण लेकर आई है और राज्य सरकार का यह प्रयास महिला कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



### आंखों की निःशुल्क जांच का लगाया कैंप

**लाडवा।** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा बुधवार को लाडवा के एक हाई स्कूल में हीमोग्लोबिन एवं आंखों की निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। यह जानकारी परिषद के प्रकल्प प्रमुख प्रीति गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आत्मा राम मेमोरियल अस्पताल लाडवा के सहयोग से 212 बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों की आंखों की जांच की गई, जिसमें से करीब 50 बच्चों की आंखों में समस्या पाई गई। हीमोग्लोबिन जांच शिविर के अंतर्गत 102 छात्राओं के रक्त की जांच की गई, जिसमें से 12 छात्राओं में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, जिन बच्चों को एनीमिया की समस्या पाई गई।

## आयुर्वेदिक ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रखे विचार

# ड्रग एसोसिएशन की बैठक में हुआ मंथन

■ 31 अगस्त को होगी वार्षिक बैठक, शेड्यूल-टी संशोधन पर विशेषज्ञ देंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आयुर्वेदिक ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, हरियाणा की कार्यकारिणी बैठक आज करनाल क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन पवन भाटिया ने की, जबकि संचालन प्रदेश अध्यक्ष अनुप भारद्वाज द्वारा किया गया। बैठक में संस्था द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी वार्षिक आम बैठक एजीएम की तिथि 31 अगस्त 2025 निर्धारित की गई। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा शेड्यूल-टी में किए गए नवीन संशोधनों पर गहनता से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि आगामी एजीएम में इस विषय पर तीन विशेषज्ञ सलाहकार आमंत्रित किए जाएंगे, जो हरियाणा राज्य के सभी आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं को इन संशोधनों की जानकारी विस्तार से प्रदान करेंगे। बैठक में चेयरमैन निश्चल परूथी, गुलशन सेतिया सहित कालका, पानीपत, यमुनानगर, करनाल, पंचकूला, हिसार, बहादुरगढ़, झज्जर, फरीदाबाद और सोनीपत से लगभग 20 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सभी सदस्यों ने आगामी एजीएम को सफल बनाने का संकल्प लिया और आयुर्वेदिक उद्योग को संगठित और सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।



## खबर संक्षेप

### सॉफ्ट स्किल्स का विकास विषय पर एक कैरियर टॉक का आयोजन

**समालखा।** जिला रोजगार विभाग द्वारा गांव अटावला में युवाओं के लिए सॉफ्ट स्किल्स का विकास विषय पर एक कैरियर टॉक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने की। इस कैरियर टॉक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक कार्यस्थल की आवश्यकताओं से अवगत करवाना और उनके अंदर आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स की क्षमताओं का विकास करना था।

### बुआना लाखू सरपंच पद की वोटों की सुप्रीम कोर्ट में हुई गिनती, फैसला 11 को

**पानीपत।** गांव बुआना लाखू के सरपंच पद चुनाव में की वोटों की गिनती आज सुप्रीम कोर्ट में हुई। हालांकि निर्णय 11 अगस्त को सुनाया जाएगा। बता दें कि ब्लाक इसराना के गांव बुआना लाखू में 2 नवम्बर 2022 को ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए चुनाव हुए। वहीं जब चुनाव परिणाम घोषित करना था पोलिंग अधिकारी से गलती हो गई। जिसमें विजेता घोषित प्रमाण पत्र मोहित की बजाए कुलदीप को दे दिया। बाद में ग्रामीणों के विरोध के बाद दोबारा वोटों की गिनती हुई। जिसमें मोहित को सरपंच विजेता घोषित कर सरपंची का प्रमाण पत्र जारी किया गया।

प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो चंडीगढ़ ने पानीपत में 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया

# केंद्र एवं राज्य सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में मीडिया का सहयोग जरूरी

**मीडिया और सरकार के बीच संवाद के एक सहयोगी मंच के रूप में वार्तालाप के महत्व पर प्रकाश डाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) चंडीगढ़ ने पानीपत में 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया, जो ज़िले में स्थानीय पत्रकारों के लिए इस तरह की पहली पहल थी। इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया और सरकार के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देना और केंद्र एवं राज्य सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रचार प्रसार करना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पानीपत के उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने किया। अपने संबोधन में, उन्होंने मीडिया और सरकार के बीच संवाद के एक सहयोगी मंच के रूप में वार्तालाप के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य संचार अंतराल को दूर करना और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। अपने संबोधन में, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) एवं अन्य संस्थानों को मज़बूत एवं कोर्सेज को उद्योगों एवं टेक्नोलॉजी के अनुसार अपग्रेड करने की जरूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने सरकारी विभागों और मीडिया के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए इस तरह की कार्यशाला आयोजित करने की पहल की सराहना की।पीआईबी चंडीगढ़ की सहायक निदेशक सुश्री शीनम जैन ने उद्घाटन भाषण दिया और प्रेस सेवा पोर्टल के बारे में पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। सहायक निदेशक डॉ. बिनीत कौर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न विभागों के कामकाज का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। कौशल विकास विभाग के क्षेत्रीय निदेशक, श्री सुशील अग्रवाल ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) और प्रशिक्षण अवसंरचना के निर्माण एवं संवर्द्धन जैसी योजनाओं के महत्व पर बल दिया।कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के संयुक्त निदेशक श्री सुगन लाल मीणा ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभों पर चर्चा की और नियोक्ता/कर्मचारी पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई) के बारे में जानकारी साझा की। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के जिला विकास प्रबंधक श्री हिमांशु खत्री ने नई सहकारी नीति के संदर्भ में सहकारी क्षेत्र आंदोलन को बढ़ावा देने की योजना पर प्रकाश डाला और समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली सदस्य-केंद्रित संस्थाओं के रूप में सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने के सहकारी नीति के महत्व पर बल दिया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. आबिद अली ने सहकारी क्षेत्र में कौशल विकास में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों को सहकारी समितियों पर रिपोर्टिंग के महत्व, उनके सिद्धांतों और चुनौतियों तथा सामुदायिक पत्रकारिता उनके विकास में कैसे सहायक हो सकती है, इस बारे में जागरूक किया। मीडिया कार्यशाला में प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो कार्यालय (पीआईबी) चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री अहमद खान ने जन सरोकारों के समाधान में पीआईबी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि मीडिया सरकार और जनता के बीच एक प्रभावी सेतु का काम करता है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पत्रकारों को जागरूक करने के लिए किया गया। ₹वार्तालाप₹ शीर्षक वाली यह कार्यशाला सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया आउटरीच रणनीति का हिस्सा है और सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में प्रामाणिक जानकारी के साथ पत्रकारों को सशक्त बनाकर जनता और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) श्री सुनील बस्तारा भी उपस्थित थे और उन्होंने सक्रिय भागीदारी के लिए उपस्थित मीडिया कर्मियों का औपचारिक धन्यवाद किया।तकनीकी सत्रों के बाद इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र हुआ। पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए, और रचनात्मक फ़ीडबैक प्रदान की। पत्रकारों ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए पीआईबी को भी धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।वार्तालाप में प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के 70 से अधिक पत्रकारों ने कार्यशाला में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर इनपुट प्रदान किए। कार्यशाला में क्षेत्रीय मीडिया के सामने आने वाली चुनौतियों और वे जन कल्याणकारी पहलों को नागरिकों तक प्रभावी ढंग से कैसे पहुँचा सकते हैं, इस पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यशाला का समापन बेहतर जन जागरूकता, अधिक पारदर्शिता और शासन में नागरिकों की अधिक जागरूक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार और मीडिया के बीच निरंतर सहयोग पर ज़ोर देने के साथ हुआ।

## पाइट कॉलेज में पहुंची जोरा मूवी की टीम

- नीयत सही रखें, शार्ट कट पर भरोसा न करें : रवींद्र कुहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

**समालखा के बेटे का स्वागत किया**



पाइट कालेज में जोरा मूवी की टीम का स्वागत करते आयोजक । फोटो : हरिभूमि

फिल्म अभिनेता रवींद्र कुहाड़ ने कहा कि अगर आपको सफल होना है तो नीयत सही रखें। शार्ट कट पर भरोसा न करें। मेहनत करेंगे तो निश्चित ही अपनी मंजिल को प्राप्त कर लेंगे। रवींद्र कुहाड़ यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी पाइट में अपनी मूवी जोरा के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने छात्रों से बात की। उन्हें प्रेरित किया। जोरा मूवी आठ अगस्त को रिलीज होगी। रवींद्र कुहाड़ ने छात्रों के साथ अपनी संघर्ष भरी यात्रा को साझा किया। मूवी जोरा का निर्देशन राजीव राय ने किया है। निर्माण त्रिमूर्ति प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया गया है। सोशल मीडिया पर पुनीत सुपरस्टार के नाम से मशहूर इन्फ्ल्यूएंसर ने भी छात्रों से बात की। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल व बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने रवींद्र कुहाड़ व उनकी टीम का स्वागत किया। डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ. बीबी शर्मा, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री ने भी सफलता के टिप्स दिए।

## किसान पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गांव सुताना में घर से बाइक पर खेत में जा रहे किसान पर गोली चला जानलेवा हमला करने के आरोपी सुताना निवासी अश्वनी से रिमांड के दौरान वारदात में प्रयुक्त 3 देसी पिस्तौल, 3 जिंदा रौंद, 3 खोल व 1 स्विफट कार बरामद की गई है। आज रिमांड अवधि पूरी होने पर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ उसने



वारदात में प्रयुक्त 3 देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रौंद करीब 3 माह पहले चुलकाना निवासी अपने एक दोस्त से 38 हजार रुपए में खरीदे थे।

## खबर संक्षेप

### बीएम झा ने एनएफ एल पानीपत के प्रमुख का पद्भार सम्भाला



**पानीपत।** बीएम झा मुख्य महाप्रबंधक ने एनएफ एल पानीपत इकाई के प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। बिहार इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी, सिंदरी, धनबाद से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक एवं मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन बीएम झा ने वर्ष 1989 में एनएफ एल में ज्वाइन किया। एनएफ एल की नंगल, पानीपत, विजयपुर इकाइयों एवं कॉर्पोरेट कार्यालय में अपना सक्रिय एवं सार्थक योगदान देते हुए उन्होंने वर्ष 2025 में पानीपत इकाई में पुनः ज्वाइन किया है। पानीपत इकाई के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बीएम झा के पानीपत इकाई के प्रमुख की पद स्थापना का स्वागत किया।



बस रवाना करने पहुंचे अमन वर्मा को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### बाबा श्याम सेवा समिति की बस चुलकाना धाम के लिए रवाना

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए मासिक बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि अमन वर्मा, राजेश मजोका, मीनू व रमेश ने नारियल फोड़कर बस रवाना की। अतिथियों का यहां पहुंचने पर फूल माला पहना व पटका पहनाकर व श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर पगड़ी से स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल,पत्रकार मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, राजिंद्र पाल, दिनेश मितल, संस्था के वकील ललित मितल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बाबा श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का धन्यवाद किया।



### बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में पानीपत सर्कल में अधीक्षक अभियंता पानीपत द्वारा अंकित जेई के अनुचित और पक्षपातपूर्ण निलंबन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन नेता सितेंद्र पूनिया कर रहे हैं, जबकि मंच संचालन शिवकुमार द्वारा किया जा रहा है। यूनियन का कहना है कि अंकित जेई को बिना किसी निष्पक्ष जांच और साक्ष्यों के दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया, जबकि वास्तविक दोषियों को संरक्षण दिया गया है। यह कार्यवाही न केवल एक कर्मचारी के विरुद्ध अन्याय है, बल्कि पूरे विभाग की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। प्रदर्शन को प्रमोद शर्मा, राकेश, महीपाल, बलकार, संजय, अमित कुमार, सोमपाल रावल, नरेंद्र, हरिओम, मनोज कुमार, सुरेंद्र शर्मा, बलराम राणा व सतबीर आदि नेताओं ने संबोधित किया।




### कुटानी में स्तनपान पर किया जागरूकता कार्यक्रम

**बापौली ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उग्रा खेड़ी के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मन्दिर कुटानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यकर्म डा.नितेश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सभी आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता व गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताएं शामिल हुई। वहीं आरोग्य आयुष्मान मन्दिर कुटानी में नियमित टीका करण कैंप भी लगाया गया। जिसमें गर्भवती व छोटे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए गए। महिला स्वास्थ्यकर्मी राम भतेरी ने महिलाओं को बताया कि स्तनपान माता व शिशु के स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी सुमन व किरण आदि मौजूद रही।



कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## नवज्योति स्कूल में खंडस्तरीय खेल प्रतियोगिता में लड़कों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली

खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री बापौली के संरक्षण में नवज्योति पब्लिक स्कूल में ब्लॉक स्तरीय खेलों के दूसरे दिन लड़कों के ब्लॉक लेवल पर कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, योगा, चेस, कराटे, कुश्ती, ताइक्वांडो व हैंडबॉल आदि खेलों का आयोजन कराया गया। कबड्डी में अंडर 14 में कैंब्रिज स्कूल ने प्रथम, द्वितीय मॉडल संस्कृत गोयला खुर्द रहा। राजेंद्र, मुकेश रानी, शौकेंद्र, कुलदीप, जगबीर डीपीई मौजूद रहे। खो-खो में अंडर 17 में खोजकीपुर प्रथम। अजय डीपीई ने ऑफिशियल की भूमिका निभाई। चेस में अंडर 19 में प्रियांशु प्रथम, प्रियांशु द्वितीय व जतिन तृतीय रहा। डीपीई विकास ने यह प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। बैडमिंटन में हैदर प्रथम, खुशनीद द्वितीया व हैप्पी तृतीय रहा। योगा में हर्ष प्रथम है, हार्दिक द्वितीय, आयुष तृतीय रहा। योगा की प्रतियोगिता अनिल वैद्य, डीपीई कुलदीप, कमला डीपीई ने सम्पन्न कराई। जितेंद्र डीपीई कुराड़ ऑल ओवर इंचार्ज रहें। कल लड़कों एवं लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता कराई जाएगी। राजेंद्र प्रिंसिपल बापौली और विनोद रावल प्रिंसिपल जलालपुर एवं रेखा शर्मा प्रिंसिपल नवज्योति पब्लिक स्कूल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान द्वारा वेलफेयर का काम करना सराहनीय कदम : सुदेश कुमार

- बैठक में वकीलों द्वारा आराम करने के लिए फर्नीचर की मांग की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



समालखा बार में सैशन जज सुदेश कुमार शर्मा का स्वागत करते आयोजक । फोटो : हरिभूमि

उपमंडल समालखा बार में आज पूर्व प्रधान प्रकाश गाहल्याण ने महिला वकीलों को सौगात देते हुए उनके लिए बार में कुर्सी व सौफे उपलब्ध कराए। इस अवसर पर सैशन जज सुदेश कुमार शर्मा ने समालखा कोर्ट जज प्रतिभा और फैमिली कोर्ट जज पूजा सिंगला की मौजूदगी में महिला वकीलों को सप्रेम भेंट किया। पूर्व प्रधान द्वारा वेलफेयर का काम करना सराहनीय कदम है। पूर्व प्रधान प्रकाश गाहल्याण ने बताया कि बार की बैठक में वकीलों द्वारा आराम करने के लिए फर्नीचर की मांग की गई थी। मांग पर अमल करते हुए आज बार के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर महिला वकीलों को यह सुपुर्द किए। सैशन जज सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि महिला अधिवक्ताओं के लिए कॉमन रूम और बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर पूर्व प्रधान ने अच्छी व्यवस्था की है। उन्होंने सभी वकीलों से आग्रह करते हुए कहा कि हर छोटी-छोटी बात पर वर्क सस्पेंड ना कर किसी अच्छे कार्य के लिए वर्क सस्पेंड करें। इस दौरान पानीपत बार से पहुंचे पूर्व प्रधान अमित कादियान ने समालखा बार में अति शीघ्र माइक और स्पीकर देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधान अशोक रावल, सचिव अनिल शर्मा, प्रीति राठी, पिंकी शर्मा, मीणा तोरी, ललिता शर्मा, अरविंद कुमारी, पानीपत बार से पूर्व सचिव रविंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## इनर व्हील क्लब ने नवजात शिशुओं की माताओं को खाद्य सामग्री व कंबल बांटे

- बच्चे के लालन पालन से संबंधित बाते महिलाओं को सिखाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** सिविल अस्पताल में माताओं को सामग्री वितरित करते हुए क्लब की पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा आज सिविल अस्पताल के तत्वाधान में वहां पैदा हुए नवजात शिशुओं को कंबल, सूट तथा उनकी माताओं को दलिया, फल, बिस्कुट आदि खाद्य सामग्री बांटी गई। क्लब जेड सीपीडीसी डा.गीता गुप्ता द्वारा स्तनपान का महत्व, सही तरीके तथा बच्चे के लालन पालन से संबंधित बाते महिलाओं को सिखाई गई। इस अवसर पर प्रधान अनीता कपूर, आकांक्षा जैन, सचिव अंजली दिलोरी, माला अवस्थी, रजनीचांद आदि मौजूद रहे। वहीं सीएमओ विजय मलिक द्वारा क्लब के इस कार्यों की प्रशंसा की गई तथा क्लब का धन्यवाद किया गया।

## आर्य कॉलेज में हुआ सिविल डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- कार्यशाला में कॉलेज के 100 एनएसएस स्वयंसेवकों सहित 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया

सिविल डिफेंस पानीपत और आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आज एक दिवसीय सिविल डिफेंस कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस कार्यशाला में कॉलेज के 100 एनएसएस स्वयंसेवकों सहित 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर ;कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन, फायर लिफ्टए टू एंड थ्री हैंड सीट, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले से सुरक्षा और सड़क दुर्घटना के दौरान सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को इन आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से जानकारी दी। कॉलेज की एनएसएस इकाई की समन्वयक प्रो.मनीषा डूडीजा ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करती हैं। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि कॉलेज हमेशा ऐसे आयोजनों के लिए तत्पर रहता है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हों।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी यादविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 8 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी 2023 से 15 मार्च 2024 के दौरान आरोपी यादविंद्र कुमार ने प्लाट की खरीद-फरोख्त व रजिस्टरी करवाने के नाम पर उससे 1 लाख 17 हजार रूपये की रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में एवीटी सैल ने आरोपी जगतार सिंह उर्फ मांगा को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। हरी मंदिर एरिया के रहने वाले तृप्त ने 1 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 जुलाई 2025 को जगाधरी गेट से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी राहुल उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी ने बताया कि उसने व उसके साथ ने बाली बेच दी है। आरोपी से 4 हजार रूपये की नकदी बरामद की गई है। मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। न्यू प्रताप नगर के लक्ष्मण सिंह ने 29 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि जीटी रोड नई सब्जी मंडी अंबाला शहर के सामने से मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने उसकी पत्नी के कान से बाली छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी नदीम को गिरफ्तार किया है। परिवादी प्रिंस ने 4 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मेन बाजार से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शैमफोर्ड स्कूल में इंटर हाउस सामान्य ज्ञान स्पर्धा



**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालयमें बुधवार को इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करना तथा उन्हें बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना था।

---

विधायक निर्मल सिंह ने रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनीं

# विधायक निर्मल सिंह का आरोप-पूर्व मंत्री असीम गोयल शहर के विकास में बन रहे बाधा

- बोले-पहले पूर्व मेयर शक्ति रानी को तंग किया अब भाजपा की मेयर के कार्य में कर रहे हैं हस्तक्षेप
- भाजपा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज से उनकी मुलाकात को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने कहा, यह एक इंसानी रिश्ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक निर्मल सिंह। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने अंबाला शहर के पूर्व विधायक असीम गोयल पर विकास को बाधित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का कार्यकाल नगर की प्रगति में बाधा और हस्तक्षेप से चिह्नित रहा है। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह बुधवार को विश्रामगृह में आयोजित जनता समस्या दरबार के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सिंह ने कहा कि उनका कर्तव्य है कि वे किसी भी दल या मत के व्यक्ति की समस्या को सुनें और सरकार से उसका समाधान करवाएं। विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि अंबाला शहर की पूर्व महापौर शक्ति रानी शर्मा के समय में भी भाजपा के पूर्व विधायक ने विकास के हर प्रयास में अड़चनें डालीं। अब वही रवैया वर्तमान महापौर शैलजा सचदेवा के कार्यकाल में भी दोहराया जा रहा है। शहर के विकास कार्य उनके लिए जैसे आंख की किरकिरी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का एकमात्र एजेंडा दूसरों के कार्यों में 'रोडा अटकाना' है।विधायक ने आरोप लगाया कि शहर में करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट शुरू हुए किंतु भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण वे अधर में लटके हुए हैं। सुपर सकर मशीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वह मशीन अंबाला की बजाय यमुनानगर भेज दी गई थी जबकि शहर जलमग्न होता रहा। उन्होंने इस मुद्दे को उठाया और अब मशीन को वापिस बुला लिया गया है। सिंह ने स्पष्ट किया कि विधानसभा में उन्होंने ड्रेनेज निर्माण हेतु जो राशि की मांग की थी। वह स्वीकृत हुई है। निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। आईएमटी परियोजना पर भी उन्होंने मुख्यमंत्री से त्वरित कार्यवाही की मांग की, जिसे उन्होंने स्वीकारते हुए शीघ्र निर्माण आरंभ करने का आश्वासन दिया है। राजनीतिक चर्चाओं पर टिप्पणी करते हुए निर्मल सिंह ने कहा कि गृहमंत्री पद किसे देना है यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। इस विषय पर वह कोई वक्तव्य नहीं देना चाहते। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की टिप्पणी पर उन्होंने कहा, किस विभाग को कौन संभाले, यह निर्णय सरकार का होता है, विपक्ष का नहीं। भाजपा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज से उनकी मुलाकात को लेकर उठे सवालों पर उन्होंने कहा, यह एक इंसानी रिश्ता है।

### बीके शिवानी दीदी ने रक्षा सूत्र बांधा

कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं। जब मैंने मोहाली में ऑपरेशन कराया तब अनिल विज मुझसे मिलने अस्पताल में आए थे। अब उनके चोट लगी तो मैं पूछने चला गया। हमने एक-दूसरे के पिताओं को कत्ल तो नहीं किया जो मिल नहीं सकतेञ मुख्यमंत्री भी विधानसभा में मुझसे गले लगकर मिले थे। उन्होंने कहा कि वह अंबाला शहर के जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि शहर का कोई भी नागरिक चाहे किसी भी विचारधारा किसी भी पार्टी से हो, उसकी समस्या को सुनकर वे समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। जनता दरबार में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों निगम सदस्य,पूर्व सदस्य ,वरिष्ठ कांग्रेसी और नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पश्चात विधायक चौधरी निर्मल सिंह को ब्रह्मा कुमारी आश्रम कांचघर से पधारी बीके शिवानी दीदी ने रक्षा सूत्र बांधा। दीदी ने विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निर्विघ्न जनसेवा की कामना करते हुए रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। विधायक ने भी कहा की मेरी बहनों को जहां भी मेरी जरूरत होगी वे वहां खड़ा मिलेंगे।

---



**नारायणगढ़।** स्कूल प्रांगण में पौधारोपण करते डिप्टी डीईओ व अन्य।

# डिप्टी डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं

**स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

डिप्टी डीईओ अशोक कुमार ने बुधवार को राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, भूरेवाला का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया। उपस्थित स्टाफ एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पौधों से मिलने वाले विभिन्न फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत हैं, बल्कि जीवन चक्र के संतुलन में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डिप्टी डीईओ ने स्कूल स्टाफ के साथ एक बैठक कर शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा की तैयारी और विद्यालय की अन्य आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. शिवकुमार ने डिप्टी डीईओ का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें विद्यालय में चल रही शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। डिप्टी डीईओ ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों को संतोषजनक पाया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य जिनमें प्राध्यापक लखमीर सिंह, संजय धीमान, सम्राट सिंह, परवीना, लक्ष्मी, गौरव, भविंदर, नरेश सैनी, फकीरचंद, दिनेश, नेहा, अंजलि सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों से बातचीत की।

---

# त्योहारी सीजन को देखते हुए नगर परिषद ने बाजारों से हटाया अतिक्रमण

**दुकान के बाहर रखा गया सामान किया गया जब्त**

- दुकानदारों से आग्रह किया गया कि सामान को दुकान के अंदर रखें न कि बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद सदर ने पुलिस के साथ मिलकर बाजार में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान कार्रवाई करते हुए दुकान के बाहर रखे सामान को जब्त किया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अगर उन्होंने दोबारा से सामान को दुकान के बाहर सड़क पर रखा तो उनके खिलाफ जुर्माने सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सदर बाजार से शुरु होकर कबाड़ी बाजार, हलवाई बाजार, सब्जी मंडी, दाल बाजार, सर्राफा बाजार आदि क्षेत्रों में चला। इस कार्रवाई के दौरान दुकानदार काफी हैरान-परेशान नजर आए तो कुछ ने नगर परिषद की टीम को सामान न उठाने की गुहार लगाई। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है।

इसलिए बाजार में भीड़भाड़ बढ़ने लगी है। ऐसे में दुकान के बाहर सजाया गया सामान व सड़कों पर किया गया अस्थाई अतिक्रमण लोगों विशेषकर वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है, इसलिए आज कार्रवाई करके बाजारों से अतिक्रमण हटाया गया है। अंबाला कैंट थाना प्रभारी अजायब सिंह ने बताया कि नगर परिषद के सहयोग से चलाया गया अभियान काफी कारगर रहा, हालांकि इस दौरान कुछ दुकानों से नगर परिषद की टीम ने सामान भी जब्त किया है। दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वह अपने सामान को दुकान के अंदर रखें न कि बाहर, इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। आगामी त्योहारों को देखते हुए अब यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# लिपिक की बहाली को लेकर 24वें दिन बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- एडहॉक केंद्रीय समिति के दिशा निर्देशों के अनुसार सब यूनिट नंबर 2 में चुनाव आयोजित किया गया, यूनिट के पदाधिकारी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली निगम के लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में चल रहा विरोध प्रदर्शन 24वें दिन में प्रवेश कर गया। बुधवार को एडहॉक केंद्रीय समिति के दिशा निर्देशों के अनुसार सब यूनिट नंबर 2 में चुनाव आयोजित किया गया। इसमें चुनाव अधिकारी यूनिट के पदाधिकारी मौजूद रहे। चुनावी कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल और मंच का संचालन सचिव सोनू यादव ने किया। इसके अलावा वरिष्ठ उप प्रधान तरविंदर सिंह व उप प्रधान कुमार भी चुनाव अधिकारी के रूप में शामिल हुए। सब डिविजन नंबर-2 में 3 घंटे 9 से 12 बजे तक लिपिक के निलंबन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया और इसके बाद चुनावी प्रक्रिया आरंभ हुई।

---

ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक सेवा केंद्र में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# रक्षा करने वाले से है रक्षाबंधन का संबंध

- शिवबाबा द्वारा बांधी गई यह राखी आत्मा को विकारों से सुरक्षा का देती है संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक सेवा केंद्र में रक्षाबंधन उत्सव सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी व राजयोगिनी बीके चेतना दीदी के मार्गदर्शन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ये भव्य व दिव्य आयोजन आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर शाहाबाद सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने सभी उपस्थित जनों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक अर्थ की गहराई से अनुभूति कराई। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के संबंध तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मा और परमात्मा के बीच अटूट, पवित्र और रक्षा करने वाले संबंध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिवबाबा द्वारा बांधी गई यह राखी आत्मा को विकारों से सुरक्षा का संकल्प देती है। पवित्रता, शांति व शक्तियों की अनुभूति कराती है। इसी दौरान दीदी ने सभी को यह भी बताया कि सेवाकेंद्र द्वारा 23 अगस्त 2025 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो मानवता की सेवा हेतु एक महान पहल है। उन्होंने सभी से इस पुनीत कार्य में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि "रक्तदान, महादान है" और यही सच्चा रक्षा-संबंध है जब हम अपने रक्त से किसी के जीवन की रक्षा करते हैं। सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी ने मंच पर सभी का आत्मीय स्वागत करते हुए सभी को रक्षा का सूत्र बांध व तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं। राखी बांधते समय उन्होंने सभी को पवित्रता और आत्म-रक्षा के दिव्य संकल्प दिलाए। इस अवसर पर नगर पालिका के चेयरमैन रजत मलिक जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युग में ऐसे आध्यात्मिक केंद्र ही समाज को नैतिक और सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं। रोटरी क्लब के प्रधान हरपाल सिंह ने भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और संगठन की सेवाओं को समाज हितकारी व प्रेरणादायक बताया। स्नेह, पवित्रता एवं परमात्म स्मृति से भरपूर इस आयोजन में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों, संस्थागत प्रतिनिधियों व श्रद्धालु आत्माओं ने भाग लिया। इसमें बृजमोहन , बलजिंद्र, राजीव , राजकुमार सांगवान , कुसुम चौहान , सोनिया भराड़ा , पुष्पा , सुमन शर्मा , हरपाल सिंह चौहान उपस्थित रहे। राजयोगिनी बीके चेतना दीदी ने मंच संचालन का दायित्व सुंदर व सशक्त रूप से निभाया।



**बराड़ा।** नगरपालिका के अध्यक्ष को सम्मानित करती बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

### सभी को ऊर्जावान किया

रायपुररानी से पधारे राजयोगिनी बीके किरण दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ हेडक्वार्टर माउंट आबू से प्राप्त परमात्म संदेश का पाठ कर सभी को ऊर्जावान किया। उन्होंने मधुर गीत की प्रस्तुति से सभा को आत्मिक तरंगों से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पवित्र ब्रह्मा-भोजन का आनंद लिया एवं शांतिपूर्ण व आत्मिक वातावरण में विदाई ली।

---

# अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**एसडीएम ने अधिकारियों को जरुरी व्यवस्थाएं करने के दिए आदेश**



**अंबाला।** उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बुधवार को एसडीएम विनेश कुमार ने अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए समारोह के दृष्टिगत सभी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। एसडीएम विनेश कुमार ने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इस राष्ट्रीय पर्व को पूरी गरिमा एवं उल्लास से मनाने के लिए समय से पहले सभी आवश्यक प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को एसडी कॉलेज में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं व शहीदों के परिजनों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करें और सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

स्पर्धा | एमएमआई इंटरनेशनल स्कूल में खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता

# स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया दमखम, जूडो में योगिता व लगन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

**विजयी छात्राओं का चयन जिला स्तरीय मुकाबलों के लिए किया गया**



**बराड़ा।** खंड स्तरीय खेलों में हिस्सा लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एमएमआई इंटरनेशनल स्कूल के खेल स्टेडियम में खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की छात्राओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला एवं पीटीआई रणजीत चौहान की देखरेख में प्रतियोगिताएं सुचारू रूप से संपन्न हुईं। पीटीआई रणजीत चौहान व पीटीआई कल्याण ने बताया कि इन प्रतियोगिता के आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना को विकसित करना और उन्हें आगे जिला व राज्य स्तर पर प्रोत्साहित करना है। विजयी छात्राओं का चयन जिला स्तरीय मुकाबलों के लिए किया गया है।इस अवसर पर क्षेत्र के सभी राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के पीटीआई व डीपीआई साथी भी उपस्थित रहे।बैडमिंटन में अंडर-14 वर्ग में सुखपाल स्कूल उगाला ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि एमएमआईएस मुलाना की टीम द्वितीय रही। अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में एमएमआई इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि मवेरिक्स स्कूल मुलाना द्वितीय रहा।

कुश्ती में सहजदीप कौर, मानवी, वंशिका और नन्शीं ने अपने-अपने भार वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कराटे में जैकलिन कौर, हरजस, राधिका, यशमीत, नेहा, माही और संजीवनी ने अपने वर्गों में बाज़ी मारी। अंडर-17 में अंजिका (आर्य स्कूल मुलाना), गुंजन, खुशी, पलक (मवेरिक्स स्कूल) और अंडर-19 में तन्वी प्रथम रहीं।

### बॉक्सिंग में धीन की छात्राएं विजेता घोषित

बॉक्सिंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धीन की छात्राएं विजेता घोषित की गईं क्योंकि उनके सामने कोई प्रतियोगी उपस्थित नहीं था। योग में डीएवी स्कूल बराड़ा की छात्राओं ने सभी आयु वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज में अंडर-17 में भारती, हरसिमरत कौर, इशिका, देवांसी और प्रज्ञा (सनशाइन पब्लिक स्कूल बिजलपुर) विजयी रहीं। अंडर-19 वर्ग में हरमन सैनी और स्पर्शदीप (लॉर्ड कृष्णा स्कूल उगाला) ने प्रथम स्थान पाया। जूडो में अंडर-19 में योगिता राणा (57 किग्रा) और लगन (70 किग्रा), लॉर्ड कृष्णा स्कूल की छात्राएं विजेता बनीं।